युवा संसद के लिए 87 प्रतिभागियों का स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ

युवा संसद कार्यक्रम

बहराइच | हिन्दुस्तान संवाद

युवा मामलों और खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से देश के सभी जिलों में कराए जा रहे युवा संसद कार्यक्रम के तहत शनिवार को किसान पीजी कालेज में प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग कराई गई। इस दौरान 87 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कराई गई। इसी के साथ आनलाइन पंजीकरण 20 जनवरी तक होगा। इसके बाद 24 जनवरी को युवा संसद कार्यक्रम में स्क्रीनिंग टेस्ट में सफल प्रतिभागियों का व्याख्यान होगा।

कार्यक्रम के आयोजन की देख-रेख कर रहे डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की ओर से नामित नोडल अधिकारी डा. सूर्यभान रावत ने बताया कि स्क्रीनिंग टेस्ट के दौरान छात्रों के सापेक्ष छात्राओं की तादाद अधिक रही। लगभग सभी छात्राओं ने नारी सशक्तीकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सामाजिक आर्थिक आधार और भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए जीरो टालरेंस पर भी प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कुछ प्रतिभागियों ने नारी विमर्श पर अपनी राय देते हुए प्रधानमंत्री की सुकन्या योजना समेत अन्य योजनाओं की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। अब युवा संसद की तैयारी तेज कर दी गई है। इस कार्यक्रम में किसान पीजी कालेज के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त जरवलरोड के झुकिया स्थित एकलव्य महाविद्यालय, परमहंस महाविद्यालय कैसरगंज, फातिमा डिग्री कालेज नानपारा समेत अन्य दर्जन भर महाविद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। स्क्रीनिंग टेस्ट के दौरान निर्णायक मण्डल में कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. हाजी मेहम्मद उस्मान, अर्थशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डा. राजवीर सिंह, तथा समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर ए.कुमार शामिल रहे।

स्क्रीनिंग टेस्ट के दौरान मौजूद नोडल अधिकारी व निर्णायक मण्डल के अफसर, सभागार में मौजूद प्रतिभागी • हिन्दुस्तान

बिना स्वीकृति के अवकाश पर मिले कई शिक्षक

बहराइच। थाना सुजौली में शनिवार को

गांवों में बनाए जाएंगे

पेंशन स्वीकृति को लगेंगे शिविर

बहराइच। प्रशासन ने वृद्ध पेंशन

युवा संसद के लिए पहले दिन 17 पंजीकरण

बहराइच | हिन्दुस्तान संवाद

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से युवाओं को राजनीति में सक्रिय करने के लिए हर जिले में युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन गुरुवार को 17 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया। हर क्षेत्र के प्रतिभागियों की सहभागिता हो इसके लिए विभिन्न महाविद्यालयों तथा नेहरू युवा केन्द्र समेत अन्य संस्थाओं से भी सम्पर्क किया जा रहा है।

पंजीकरण केन्द्र पर उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना बहराइच के जिला नोडल अधिकारी डा. सूर्यभान रावत ने बताया कि पंजीकरण का कोई शुल्क नहीं है। युवा संसद में सशक्त भागीदारी के लिए जिले के सभी महाविद्यालयों तथा उनकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व नेहरू युवा केन्द्र से भी सम्पर्क किया गया है। यह पंजीकरण 19 जनवरी तक चलेगा। इस पंजीकरण व स्क्रीनिंग में वे सभी युवा भाग ले सकेंगे जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष की होगी।

इस वाक इन स्क्रीनिंग प्रक्रिया में सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण के तहत सीमान्त वर्गों का समावेश, महिला सशक्तीकरण में वृद्धि के तहत बेटी बचाओ से सुकन्या समृद्धि व मुद्रा योजना, सभी नागरिकों के लिए सादा जीवन सुनिश्चित करना तथा शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत भ्रष्टाचार पर गिरफ्त बनाना आदि बिन्दुओं पर विचार प्रस्तुत करने होंगे।

युवा संसद के आयोजन से पूर्व प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग भी होगी। इसके बाद उनके कार्यक्रम में बोलने की वीडियो क्लिप दिल्ली युवा कार्यक्रम व खेल मामले को भेजी जाएगी। वहां इसी आधार पर मूल्यांकन होगा। विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

केडीसी परिसर में पंजीकरण कराने को लेकर लगी आवेदकों की कतार

आयोजन

- पंजीकरण के बाद प्रतिभागियों की होगी स्क्रीनिंग
- दिल्ली भेजी जाएगी हर प्रतिभागी की वीडियो क्लिप